अमर उजाला 17/02/2026

छात्रों को सिखाए एआई चलाने के गुर



जीएमएन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। प्रवक्ता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग ने आधुनिक युग में एआई विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान श्री गुरु हरकिशन साहिब खालसा कॉलेज, पंजोखरा साहिब में हुआ। इसमें छात्रों को एआई के बढ़ते महत्व और तकनीकी क्षेत्र में करियर के अवसरों से अवगत करवाया गया। विशेष वक्ता डॉ. गीता कौशिक व डॉ. दिशा अरोड़ा ने मशीन लर्निंग और डिजिटल मार्केटिंग में एआई टूल्स का लाइव डेमो दिया। खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुखदेव सिंह ने एआई को वर्तमान समय का अनिवार्य कौशल बताया। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि एआई तकनीक शिक्षा और उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। संवाद